भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2600
सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)

केरल में ईएसआई अस्पताल

†2600. श्री के. राधाकृष्णनः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान केरल में कार्यरत कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पतालों के लिए आवंटित निधि का वर्षवार और अस्पतालवार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का केरल में ईएसआई अस्पतालों का उन्नयन और आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क): वर्तमान में केरल राज्य में 12 कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल कार्यशील हैं।

03 ईएसआईसी अस्पताल अर्थात आश्रमम-कोल्लम, एजुकोन तथा उद्योगमंडल प्रत्यक्ष रूप से कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संचालित है।

शेष 9 अस्पताल राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं। ईएसआईसी लाभार्थियों के लिए इन अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाओं का प्रावधान करने के लिए, ईएसआईसी “लेखागत” भुगतान के तहत राज्य सरकार को निधि जारी करता है। इसके अतिरिक्त, अस्पताल-वार निधियों के आवंटन का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

तीनों ईएसआईसी अस्पतालों तथा केरल राज्य सरकार को आवंटित निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग): ईएसआई अस्पतालों का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण एक निरंतर प्रक्रिया है। वर्तमान में केरल के ईएसआईसी अस्पताल, आश्रमम-कोल्लम तथा ईएसआई अस्पताल, एर्णाकुलम में उन्नयण/ आधुनिकीकरण का कार्य शुरु किया गया है।

*

*****

अनुबंध

"केरल में ईएसआई अस्पताल" के संबंध में श्री के राधाकृष्णन द्वारा दिनांक 09.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2600 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पतालों के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा

क्रम संख्या	**वित्तीय वर्ष**	**केरल में ईएसआईसी अस्पतालों के लिए बजट स्वीकृत राशि (लाख में)**		
		आश्रमम-कोल्लम	**एजुकोन**	**उद्योगमंडल**
1.	**2023-24**	9700 रुपये	6212 रुपये	8466 रुपये
2.	**2024-25**	11366 रुपये	6963 रुपये	11083 रुपये
3.	**2025-26**	11876 रुपये	6906 रुपये	12890 रुपये

केरल राज्य सरकार को आवंटित/जारी की गई निधि का ब्यौरा

वित्तीय वर्ष	**बजट राशि (करोड़ में)**	**जारी की गई राशि (करोड़ में)**
2023-24	240.37	216.34
2024-25	255.02	229.52
2025-26	248.38	223.54

*****